**अतिमहत्वपूर्ण / विशेष ध्यानाकर्षण**

**प्रेषक,**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

**सेवा में,**

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / पीपीपी0 मोड,
निजी क्षेत्र की संस्थायें।

पत्रांकः **प्राशिप / अनु04 / 2025 /** 4701 **लखनऊः दिनांकः–** 11-11-2025

**विषयः विषम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, नवम्बर–दिसम्बर 2025 के अन्तिम निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के संबंध में।**

**महोदय,**

कृपया उपरोक्त विषयक परिषद कार्यालय द्वारा प्रेषित पत्र संख्या प्राशिप / अनु04 / 2025 / 4461, दिनांक 31 / 10 / 2025 एवं प्राशिप / अनु04 / 2025 / 4518, दिनांक 03 / 11 / 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो विषम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, नव0–दिसम्बर, 2025 के परीक्षा कार्यक्रम के संबंध में प्रेषित किये गये थे। उक्त पत्रों द्वारा आपको परीक्षा कार्यक्रम का भलीभांति अवलोकन करने एवं यदि कोई पेपर छूट गया है अथवा पेपर में Clashing है तो उसकी सूचना परिषद की ईमेल anubhag4bte@gmail.com पर दिनांक 05 / 11 / 2025 तक अनिवार्य रूप से प्रेषित किये जाने के निर्देश प्रेषित किये गये थे।

अवगत कराना है परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 10 / 11 / 2025 के निर्णय के अनुक्रम में विषम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर परीक्षा नव–दिसम्बर 2025 की परीक्षाएं दिनांक 17 / 11 / 2025 से 06 / 12 / 2025 के मध्य निर्धारित किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके अनुक्रम में अन्तिम परीक्षा कार्यक्रम आपकी एवं छात्र / छात्राओं की सुविधा के दृष्टिगत परिषद वेबसाइट www.bteup.ac.in पर अपलोड कर दिया गया है। कृपया अपने स्तर से छात्र / छात्राओं को सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
सचिव

**पृ0सं0: प्राशिप / अनु04 / 2025 /** 4702-07 **तद्दिनांक–** 11-11-2025

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा उ0प्र0 शासन, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवगतार्थ प्रेषित।
2. निजी सचिव, सचिव / महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा उ0प्र0 कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पश्चिम क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / बुंदेलखण्ड क्षेत्र / पूर्वी क्षेत्र।
5. प्रभारी कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
6. प्रभारी / अधिकारी अनुभाग 01, 02 एवं 03 को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
सचिव